हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 3 मार्च, 2022/12 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 17

महाविद्यालयों का ब्यौरा

1930 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने महाविद्यालय हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त पड़े हैं; रिक्त पदों का समयावधि सहित ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

अनुदान के मामले

1931 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला शिमला में बागवानी विभाग के अन्तर्गत कितने भिन्न-भिन्न घटकों के अनुदान के मामले लंबित पड़े हैं; बागवानों के नाम, खण्डवार, योजनावार एवं घटकवार तथा कब से लंबित पड़े हैं का ब्यौरा दें?

अनाथ बच्चे

1932 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) कोविड काल में प्रदेश में कितने बच्चे अनाथ हुए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इन अनाथ हुए बच्चों को सरकार किस रूप से मदद प्रदान कर रही है; ब्यौरा दें ?

एक्सपायरी दालें

1933 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला किन्नौर में राशन के डिपो में एक्सपायरी डेट की दालें वितरित की जा रही हैं; यदि हां, तो सरकार ने इस पर क्या कार्रवाई की;

(ख) जिला में कितनी को-ऑपरेटिव सोसायटीज़ हैं; गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रत्येक की आय-व्यय का ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) वर्तमान में कितनी सोसायटीज़ के पास अपने भवन हैं व कितने सार्वजनिक वितरण प्रणाली स्टोर निजी भवनों में चल रहे हैं; नाम सहित ब्यौरा दें?

मृदा परीक्षण प्रयोगशाला

1934 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला किन्नौर में मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के अन्तर्गत कितने परीक्षण किए गए; और

(ख) यह सत्य है कि रिकांगपियो में मृदा टैस्टिंग लैब कई महीनों से बंद पड़ी है; इसके क्या कारण हैं; कृषकों को मृदा टैस्टिंग की वर्तमान में क्या सुविधा उपलब्ध है; ब्यौरा दें?

शौंगटोंग-कड़छम परियोजना

1935 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) शौंगटोंग-कड़छम प्रोजैक्ट (एच0ई0पी0) 450 मैगावॉट का कार्य कब शुरू किया गया था व इसको पूर्ण करने का लक्ष्य कब तक निर्धारित किया गया था;

(ख) यह सत्य है कि इस प्रोजेक्ट में मजदूरों व ठेकेदारों को कई महीनों से भुगतान नहीं किया जा रहा है; यदि हां, तो कारण;

(ग) इस प्रोजैक्ट की अनुमानित लागत पहले कितनी थी व अब इस प्रोजैक्ट को पूर्ण करने में कितनी लागत आएगी;

(घ) क्या कारण है कि इस प्रोजैक्ट का कार्य धीमी गति से चल रहा है;

(ङ) यह सत्य है कि एच0पी0पी0सी0एल0 ने शौंगटोंग-कड़छम एच0ई0बी0 में डम्पिंग के लिए पहले ही 120 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च कर लिए हैं; और

(च) क्या यह भी सत्य है कि पवारी एन0एच0 के साथ चिन्हित स्थानों पर एच0पी0पी0सी0एल0 डम्पिंग न करवाकर अन्य स्थानों पर भारी भरकम खर्चे पर डम्पिंग करवाने की योजना बना रही है जबकि चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त डम्पिंग की सुविधा उपलब्ध है तथा अब तो सेना से भी कोई आपत्ति नहीं है?

School Buildings

1936 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many school buildings apart from Senior Secondary Schools are unsafe in Theog Assembly Constituency; details be given; how much funds are required as per specifications to construct them; does the Government propose to construct them and by when;

(b) how many Schools apart from Senior Secondary Schools are without play grounds; and

(c) provide the School enrollment of all Primary Schools in the last 3 academic years?

Transformers

1937 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) how many transformers of 25 KV are yet to be replaced in the Theog and Kumarsain Divisions of HPSEBL and by when would it be done; how many areas electricity conductors of GI wire are continuing and also were conductors are supported on forest trees by when would all these issues be

addressed;

(b) give a detailed information of the sanctioned posts of Field and Office staff in Theog and Kumarsain divisions of HPSEBL; what is the vacancy position and how many outsourced employees have been engaged in two Divisions and the establishment by whom they have been engaged and the salary paid to them along with the deductions; and

(c) how much funds have been deposited by the IPH department for SOP till date on which works have not started; what is the interest that has accrued on it; by when would the SOP work be completed on the LWSS Kurpan Khud, LWSS Thathal and LWSS Shelajan; provide all details?

Status of Posts and works

1938 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) what are the sanctioned posts of different categories of employees in Theog and Kumarsain Divisions of HPSEBL; how many vacancies are there and since when; what are the reasons for the same; provide a list of three other Divisions of the State other than the Tribal Divisions where such huge vacancies are existing;

(b) have all the wooden poles, conductors on forest trees been replaced under Theog and Kumarsain Divisions; if not, the reasons for the same; how many transformers are of 25 KV and by when will they be changed; and

(c) in how many sections is the billing done after a lapse of more than two months and what are the number of consumers in each section; how many consumers who live on a regular basis have consumed less than 60 units of electricity in the year, 2021?

विधायक प्राथमिकता

1939 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा कौन-कौन सी

परियोजनाओं को विधायक प्राथमिकता में सम्मिलित किया गया; कितनों की डी0पी0आर0 तैयार की जा चुकी हैं व डी0पी0आर0 न बनाने के क्या कारण रहे; योजनाओं का ब्यौरा डी0पी0आर0 सहित दें?

धनराशि का ब्यौरा

1940 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी संगड़ाह के पास कितनी धनराशि ऐसी है जोकि खर्च नहीं की गई है; विभिन्न परियोजनाओं का नाम व धनराशि सहित ब्यौरा दें?

CSK Krishi Vishvavidyalaya Palampur

1941 **Sh. Vinay Kumar(Sri Renukaji) :**
Sh. Ashish Butail(Palampur) :

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of Class III & Class IV employees are lying vacant in CSK Krishi Vishvavidyalaya Palampur; Department-wise details be given;

(b) during the last 3 years, how many posts have been filled in various categories in CSK HP Krishi Vishvavidyalaya Palampur on compassionate grounds (Harness cases); details be given; and

(c) how many processed applications for jobs on compassionate grounds are lying pending with CSK HP Krishi Vishvavidyalaya Palampur; details under each Category/Class be given?

धनराशि का ब्यौरा

1942 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विद्युत मण्डल नालागढ़ के अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों में बिजली ट्रांसफार्मर लगाने सहित अन्य योजनाओं के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय हुई; ब्यौरा

योजनावार,गांववार व पंचायतवार दें;

(ख) इनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है; यदि नहीं, तो कारण; सरकार इन्हें कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है;

(ग) इस अवधि में व्यक्तिगत लाभ हेतु कितने बिजली ट्रांसफार्मर व थ्री फेज लाइनें लगाई गईं; कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और कितनी व्यय की गई; और

(घ) कितनी योजनाओं के ऑफलाइन टेंडर लगाए गए; योजनावार ब्यौरा स्वीकृत एवं व्यय की गई धनराशि सहित दें?

विकास कार्यों का ब्यौरा

1943 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़)**:

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जल शक्ति मण्डल नालागढ़ के अन्तर्गत स्वीकृत विकास कार्यों का योजनावार, पंचायतवार व स्वीकृत धनराशि सहित ब्यौरा दें;

(ख) किस-किस कार्य की कौन-कौन सी एजेंसी से गुणवत्ता जांच करवाई गई; ब्यौरा दें;

(ग) इस अवधि में स्वीकृत हुई योजनाओं का कितना कार्य पूर्ण हो चुका है व कितना शेष है; यदि कार्य आरम्भ नहीं हुआ है तो कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में कितनी योजनाएं ठेकेदारों ने तय समय-सीमा में पूर्ण की; यदि पूर्ण नहीं की, तो ठेकेदारों के खिलाफ विभाग द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; सभी योजनाओं का ब्यौरा टेंडर प्रक्रिया सहित दें?

मां चिन्तपूर्णी मन्दिर न्यास

1944 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक मां चिन्तपूर्णी मन्दिर में कितनी धनराशि चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुई व मन्दिर न्यास में जमा करवाई गई; और

(ख) इस अवधि में कितनी धनराशि विभिन्न योजनाओं पर व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार व धनराशि सहित दें?

आंगनबाड़ी केन्द्र

1945 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र व मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र हैं तथा कितनों के सरकारी भवन हैं; स्थान का नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र व उप-केन्द्र निजी भवनों में चल रहे हैं; स्थान सहित ब्यौरा दें; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों व उप-केन्द्रों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय हुई है व कितनी धनराशि शेष है; ब्यौरा दें?

पटवारखाने

1946 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पटवारखाने हैं तथा कितने निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार कब तक इनके भवनों का निर्माण करने का विचार रखती है; स्थान के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ग) किस कार्य के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और कितनी धनराशि व्यय हुई है तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,

सचिव।